**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 08 सितंबर -- 2026 समय 1305 (05 मिनट)**

भारत सिक्स - जी नेटवर्क के विकास की वैश्विक पहल में अमरीका और 24 अन्य देशों के साथ शामिल हो गया है। 6जी पहल का उद्देश्य नेटवर्क की सुरक्षा मजबूत करना, प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और नई तकनीक को बढ़ावा देना है।

अमरीकी वाणिज्य विभाग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि भारत ने अमरीका और 24 अन्य देशों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि अगली पीढ़ी के नेटवर्क साझा सुरक्षा हितों को प्रतिबिम्बित करे, प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करे और नवाचार को बढ़ावा दे।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विभिन्न स्रोतों से ज्ञान हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह मधुमक्खी कई फूलों से मधु एकत्र करती है, उसी तरह बुद्धिमान व्यक्ति को हर क्षेत्र से उपयोगी ज्ञान ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हर जगह से अच्छी और उपयोगी बातें सीखकर उन्हें अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

**********************************************************************

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि साक्षरता ज्ञान, अवसर और बेहतर भविष्य का रास्ता खोलती है। उन्होंने लोगों से शिक्षा को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने की अपील की कि कोई भी सीखने से वंचित न रहे। श्री जोशी ने कहा कि शिक्षित और सशक्त नागरिक ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं।

**********************************************************************

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों, अधिकारों और सशक्तिकरण पर केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन आज सूरजकुंड में किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से महिला प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विशेषज्ञों और संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संबोधन में महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री ओम बिरला ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना विकसित और सशक्त भारत की परिकल्पना पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सम्मेलन के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम, कार्यस्थल पर सुरक्षा, डिजिटल एवं साइबर अपराध, आर्थिक स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा नेतृत्व में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

**********************************************************************

कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सफाई कर्मियों के हित में लिए गए सकारात्मक निर्णयों के बाद कल प्रदेश में 387 सफाई कर्मी काम पर वापस लौटे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने सफाईकर्मियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। पात्र सफाईकर्मियों को हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा ) एक्ट, 2024 के तहत सेवा सुरक्षा और 10 वर्ष से अधिक सेवा वाले पात्र सफाईकर्मियों के कुल मासिक भुगतान को ₹20,590 से बढ़ाकर ₹25,560 करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही अन्य सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा लाभ भी दिए जा रहे हैं। श्री गोयल ने कहा कि सरकार सफाईकर्मियों के साथ हर कदम पर खड़ी है और उनकी जायज मांगों के समाधान के लिए लगातार सकारात्मक बातचीत और कार्रवाई कर रही है।

उन्होंने प्रदेश हित में काम पर लौटने वाले सभी सफाई कर्मियों का स्वागत करते हुए बाकी बचे सफाई कर्मियों से भी अपील की कि वे जल्द से जल्द काम पर लौटें और प्रदेश की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सफाई कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

*******************************************************************

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के हिसार कार्यालय की टीम ने डबवाली स्थित पुलिस चौकी गोल बाजार के सहायक उप निरीक्षक जगजीत सिंह को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामले में चौकी में तैनात हवलदार राकेश कुमार तथा एसपीओ राजवीर को भी सह-आरोपी बनाया गया है। सहायक उप निरीक्षक जगजीत सिंह ने अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर बबलू नामक व्यक्ति और उसके परिवार को एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में संरक्षण देने के एवज में 1 लाख 45 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

*******************************************************************

फरीदाबाद के जिला न्यायालय परिसर में 12 सितंबर को 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का आयोजन किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेंद्र सिंह ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य आमजन को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय देना है। इसमें मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक व दीवानी विवाद, श्रम विवाद और ट्रैफिक चालान जैसे विभिन्न मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा।

*******************************************************************